आकाशवाणी श्री विजयपुरम

19.08.2026 समय : 1905

1. प्रधानमंत्री की निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग पहल को लेकर शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक।
2. राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने छह सौ विशेषज्ञों को हटाकर नए विशेषज्ञों को किया शामिल, प्रश्न–पत्रों की गहन जांच के लिए चार–स्तरीय जांच प्रणाली लागू होगी।
3. सांसद बिष्णु पद रे ने नवनियुक्त मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती से मुलाकात की, द्वीप समहू के कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा।
4. राजधानी श्री विजयपुरम में पुलिस प्रशिक्षण संस्थान ने आयोजित किया 'यूथ कनेक्ट' कार्यक्रम, युवाओं को साइबर सुरक्षा और नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया गया।

<><><><><><><>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज उच्च शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। श्री जोशी ने इस बैठक में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को निःशुल्क ऑनलाइन कोचिंग प्रदान करने की प्रधानमंत्री की पहल के कार्यान्वयन की समीक्षा की। श्री जोशी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि ऑनलाइन कोचिंग का उद्देश्य उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षण सामग्री, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और संरचित तैयारी रणनीतियों को देशभर के विद्यार्थियों तक पहुंचाकर एक सशक्त राष्ट्रीय मंच का निर्माण करना है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन टी ए ने अपनी टीम में शामिल छह सौ विशेषज्ञों को हटा दिया है और नए विशेषज्ञों को शामिल किया है। शिक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि प्रश्न–पत्रों की गहन पड़ताल के लिए चार–स्तरीय जांच प्रणाली लागू की जाएगी। एनटीए के दफ़्तरों के लिए सी आई एस एफ की सुरक्षा भी ली जाएगी। एनटीए ने यह फ़ैसला शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी के निर्देश के बाद लिया है जिसमें परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए सभी उपाय करने को कहा गया था।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री 'सड़क दुर्घटना पीड़ितों का अस्पताल में भर्तीकरण एवं सुनिश्चित उपचार' पी एम–राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर और कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह योजना 13 फरवरी 2026 को शुरू की गई थी। योजना के तहत मोटर वाहन से हुई सड़क दुर्घटना में घायल पात्र व्यक्ति को अधिकतम सात दिनों तक एक लाख 50 हजार रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है। इसका उद्देश्य दुर्घटना के बाद गोल्डन ऑवर में आर्थिक बाधाओं के बिना आवश्यक चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करना है। अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह में पी एम–राहत के तहत लगभग सात अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। इनमें जी.बी. पंत अस्पताल, बी.जे.आर. अस्पताल कार निकोबार, आर.पी. अस्पताल मायाबंदर तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डिगलीपुर, रंगत, ननकौड़ी और बम्बूफ्लाट शामिल हैं।

<><><><><><><>

मायाबंदर के महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय में 9 से 17 अगस्त तक एन एस एस की इकाइयों एक और दो ने राष्ट्रीय 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत विभिन्न देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए। अभियान की शुरुआत नेताजी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स से दानापुर जंक्शन तक तिरंगा रैली से हुई, जिसे उत्तर एवं मध्य अंडमान के उपायुक्त सुशांत पाधा ने हरी झंडी दिखाई। एन एस एस स्वयंसेवकों ने रामपुर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में सौ घरों को तिरंगे वितरित किए। 17 अगस्त को समूह नृत्य, समूह गान और 'भारतीय स्वतंत्रता विभाजन की पीड़ा' विषय पर भाषण प्रतियोगिता के साथ अभियान का समापन हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. वी. आर. मूर्ति ने युवाओं में देशभक्ति और नागरिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने पर जोर दिया।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने आज नवनियुक्त मुख्य सचिव ज्ञानेश भारती से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। मुलाकात के दौरान द्वीपों के विकास और जनहित से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें डोमिसाइल नीति, ओबीसी आयोग के गठन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत सुधार, वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने, उत्तर एवं मध्य अंडमान में एन एच–4 की खराब स्थिति और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने जैसे विषय शामिल थे। सांसद ने अनिम्स में एम्स या किसी अन्य प्रमुख केंद्रीय संस्थान की अधिक भागीदारी की संभावना पर भी चर्चा की। श्री रे ने मुख्य सचिव को द्वीपों के विकास से जुड़ी पहलों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

<><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान ने आज युवाओं के लिए 'यूथ कनेक्ट' जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इसमें टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय, अंडमान लॉ कॉलेज और अंडमान कॉलेज के पचास से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में संवैधानिक मूल्यों, राष्ट्रीय एकता, साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति, सड़क सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। युवाओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी खबरों और डीप फेक से सावधान रहने की सलाह दी गई। साथ ही खेल, कौशल विकास और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया गया।

<><><><><><>

उच्च शिक्षा निदेशक आदित्य सांगोत्रा ने कल मायाबंदर स्थित महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय का दौरा कर शैक्षणिक और छात्रावास सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों से बातचीत कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा भूगोल के विद्यार्थियों को भू–आकृति विज्ञान और जलवायु विज्ञान की मूल बातें समझाईं। श्री सांगोत्रा ने बालक और बालिका छात्रावासों का निरीक्षण किया। उन्होंने बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं और महाविद्यालय के पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया।

<><><><><><>

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए परामर्श आयोजित की जाएगी। डॉलीगंज, बकुलतला और अरोंग स्थित सरकारी आई टी आई में विभिन्न ट्रेडों की रिक्त सीटें सामान्य मेरिट सूची के आधार पर भरी जाएंगी। डॉलीगंज में 24 अगस्त, अरोंग में 25 अगस्त और बकुलतला आई टी आई में 27 अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे परामर्श होगी। अभ्यर्थी प्रवेश पोर्टल पर उपलब्ध सूचना देख सकते हैं।

<><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र में आज दूरी शिक्षा और ओपन लर्निंग सिस्टम पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया गया। पुस्तक "डिस्टेंस एजुकेशन एंड ओपन लर्निंग सिस्टम इन इंडियाः हायर एजुकेशन इन अ डिजिटल ऐज" के लेखक IGNOU के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. उदय कुमार हैं। इस पुस्तक में भारत में डिजिटल युग में दूरस्थ एवं मुक्त शिक्षा प्रणाली के विभिन्न पहलुओं को प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम में IGNOU क्षेत्रीय केंद्र के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

<><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में 24 अगस्त से 7 सितंबर तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा और न्यायमूर्ति बिस्वरूप चौधरी मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह की शतरंज खिलाड़ी (डब्ल्यू सी एम) कस्तूरी बाई आर. ने मुंबई में कल सम्पन्न हुई एशियन जूनियर गर्ल्स रैपिड शतरंज चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया है। कस्तूरी ने भारत और अन्य एशियाई देशों की मजबूत खिलाड़ियों के बीच यह उपलब्धि हासिल की है।

<><><><><><>

चिन्थे लॉन्ग रेंज और बैफल रेंज में 22 और 27 अगस्त को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर एक बजे तक, दोपहर दो बजे से शाम चार बजे तक और शाम साढ़े पांच बजे से साढ़े सात बजे तक होगा। इस दौरान नागरिकों से संबंधित क्षेत्रों से दूर रहने की अपील की गई है।

<><><><><><><>